# वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय

## कृषि-मौसम प्रक्षेत्र इकाई, वानिकी महाविद्यालय

## रानीचौरी - 249199 टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

**फोन नंबर: 01376 - 252 150**

**कृषि-मौसम परामर्श सेवा बुलेटिन, जनपद - टिहरी गढ़वाल**

√ उपमहानिदेशक (कृषि मौसम विज्ञान), भारत मौसम विज्ञान विभाग, पुणे
√ निदेशक, मौसम केंद्र, देहरादून
√ कृषि एकांश, आकाशवाणी, नजीबाबाद
√ हेंवलवाणी सामुदायिक रेडियो, चम्बा, टिहरी गढ़वाल

www.imdagrimet.gov.in, www.uuhf.ac.in

**वर्ष: 23 अंक: 35 बुलेटिन अवधि:- 04 से 08 मई, 2019 दिन:- शुक्रवार दिनांक:- 03 मई, 2019**

भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान आधारित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के अंतर्गत मौसम केंद्र, देहरादून से प्राप्त मौसम पूर्वानुमानित आँकड़ों के आधार पर उत्तराखंड के टिहरी जनपद में आगामी पांच दिनों निम्न मौसम रहने की सम्भावना व्यक्त की जाती है:-

| मौसम प्राचल | मौसम पूर्वानुमान अवधि | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **04-05-2019** (03 मई सुबह 08:30 बजे से 04 मई सुबह 08:30 बजे तक) | **05-05-2019** (04 मई सुबह 08:30 बजे से 05 मई सुबह 08:30 बजे तक) | **06-05-2019** (05 मई सुबह 08:30 बजे से 06 मई सुबह 08:30 बजे तक) | **07-05-2019** (06 मई सुबह 08:30 बजे से 07 मई सुबह 08:30 बजे तक) | **08-05-2019** (07 मई सुबह 08:30 बजे से 08 मई सुबह 08:30 बजे तक) |
| **वर्षा (मि.मी.)** | **1 मिमी. (बहुत हल्की)** | **0.0** | **0.0** | **0.0** | **0.0** |
| **आसमान में बादल आच्छादन** (ओक्टा: 0 से 8) 0 ओक्टा (पूरी तरह से साफ आसमान) 8 ओक्टा (पूरी तरह बादलों से घिरा आसमान) | 4 ओक्टा (कुछ भाग बादल) | 2 ओक्टा (मुख्यतः साफ आसमान) | 1 ओक्टा (मुख्यतः साफ आसमान) | 0 ओक्टा (साफ आसमान) | 0 ओक्टा (साफ आसमान) |
| **अधिकतम तापमान (डिग्री सेल्सियस)** | 24 | 25 | 25 | 27 | 28 |
| **न्यूनतम तापमान (डिग्री सेल्सियस)** | 10 | 10 | 11 | 12 | 14 |
| **अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता (%)** | 80 | 75 | 70 | 70 | 70 |
| **न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता (%)** | 40 | 35 | 30 | 30 | 30 |
| **वायु की औसत गति (कि.मी./घंटा)** | 8 | 8 | 8 | 6 | 6 |
| **वायु की दिशा** | उत्तर-पूर्व | पूर्व | उत्तर-पश्चिम | उत्तर-पश्चिम | उत्तर-पश्चिम |
| आगामी 4-5 दिनों मौसम मुख्यतः साफ रहने के साथ हवा औसतन 6-8 किमी०/घंटा की गति से उत्तर-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का पूर्वानुमान है| | | | | | |

**कृषि मौसम विज्ञान वेधशाला, रानीचौरी, टिहरी गढ़वाल** (समुद्रतल से ऊँचाई-1827 मीटर)के प्रेक्षण अनुसार विगत सप्ताह (27 अप्रैल से 03 मई, 2019 सुबह 08:30 तक) ; मुख्यतः साफ से मध्यम बादल छाए रहने के साथ 19 मिमी. बारिश दर्ज की गई| दिन का अधिकतम तापमान 22.2 से 27.6 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 7.6 से 14.0 डिग्री सेल्सियस रहा| इस दौरान पूर्वाहन 07:16 बजे सापेक्षित आर्द्रता 42 से 68 प्रतिशत तथा अपराहन 14:16 बजे को 19 से 49 प्रतिशत के मध्य रही| हवा की औसत गति 2.6 से 5.7 किमी० प्रति घंटा रही| सप्ताह के दौरान हवा मुख्यतः उत्तर-पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व दिशा से चली|

**मानकीकृत वर्षा सूचनांक**(SPI_अवधि दिनांक 04 अप्रैल से 01 मई, 2019)के आधार पर जनपद में हल्के गीले(Mildly wet_**SPI Value 0.0 to 0.99**) की स्थिति रही|

# मौसम आधारित कृषि सलाह

| फसल | अवस्था | कृषि मौसम सलाह |
|---|---|---|
| गेंहू, जौ, मसूर आदि (घाटी क्षेत्र) | दाना/परिपक्वता | पिछले दिनों हुई बारिश व आगामी दिनों साफ़ मौसम रहने को ध्यान रखते हुए सलाह है कि फसल कटाई कार्य खेत में नमी कम हो जाने पर करें\| |
| गेंहू, जौ (ऊंचाई क्षेत्र) | दूध भरना/ दाना बनना | गेंहू फसल पर गेरुई रोग (पत्ती पर पीले रंग की धारियां/पाउडर) के लक्षण दिखाई देने पर प्रोपीकोनाज़ोल रसायन (1 मिली० प्रति लीटर पानी) का 10 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति नाली की दर से छिड़काव करें\| |
| झंगोरा, तोर, (ऊंचाई क्षेत्र_असिंचित) | अंकुरण | अंकुरण के 2-3 सप्ताह बाद निराई -गुड़ाई करें\| निराई-गुड़ाई के दौरान जैविक अभिकर्ता (ट्राईकोडर्मा/स्यूडोमोनास) को मिटटी में मिला दें\| |
| प्याज, लहसुन | बल्ब वृद्धि | प्याज लहसुन फसल की खुदाई से कुछ दिनों पूर्व सिंचाई रोक दें\| |
| अदरक | बुवाई | बुवाई कार्य करें\| कंद सड़न रोग से सुरक्षा हेतु बुवाई पूर्व उचित जैविक अभिकर्ता/फफूंदनाशक से कंद उपचार करें\| |
| आलू (ऊंचाई क्षेत्र_असिंचित) | वानस्पतिक वृद्धि | खरपतवार हटा दें\| पंक्तियों के बीच में सूखी घास की पलवार बिछा दें\| |
| टमाटर, शिमला मिर्च, बैंगन | वानस्पतिक बढ़वार | आवश्कतानुसार हल्की सिंचाई करें। सिंचाई सुबह या शाम के समय ही करें। नवरोपित पौधों को लकड़ी/ रस्सी का सहारा देकर सीधा खड़ा रखें\| जमीन से 15 -30 सेंटीमीटर ऊंचाई तक पत्तियों को हटा दें\| |
| आड़ू, खुबानी, अखरोट | फल बढ़वार | आड़ू वृक्ष की पत्तियों पर पत्ती मुड़ना रोग (leaf curl ) के लक्षण दिखाई देने पर उचित कीटनाशक व फफूंदनाशक का छिड़काव करें\| |
| सेब | फल निर्माण | थालों में सूखी घास की पलवार बिछा दें\| नत्रजन की दूसरी खुराक दें\| |
| मशरूम उत्पादन | - | दिन के समय मशरुम उत्पादित कमरों में पानी का छिड़काव कर उचित नमी बनाये रखें\| खिडकियों पर महीन जाली लगाकर रखें जिससे कीट अंदर न आ सके\| |
| पशुपालन | - | पशुओं को चारे के साथ खनिज मिश्रण मिलाकर खिलाएं\| गाय-भैंस में खुरपका-मुंहपका रोग टीकाकरण करवाएं\| |

**नोडल अधिकारी**
**कृषि मौसम प्रक्षेत्र इकाई, रानीचौरी**

**तकनीकी अधिकारी**
**कृषि मौसम प्रक्षेत्र इकाई, रानीचौरी**

---

**महत्वपूर्ण जानकारी**: जनपदस्तरीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान एवं कृषि मौसम सेवा बुलेटिन सप्ताह में मगलवार और शुक्रवार को जारी की जाती है| मौसम पूर्वानुमान व कृषि मौसम सेवा बुलेटिन को ईमेल, व्हट्सएप्प आदि पर निःशुल्क प्राप्त करने व फसल पर बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर फोटोग्राफ को मोबाइल/व्हट्सएप्प नंबर: 9410944889 प्रकाश सिंह नेगी, तकनीकी अधिकारी, ग्रामीण कृषि मौसम सेवाए पर भेजकर वैज्ञानिक सलाह प्राप्त कर सकते हैं, SMS हेतु मौसम विभाग की वेबसाईट पर ऑनलाइन पंजीकरण: http://imdagrimet.gov.in/farmer/Form.php